भारतस्काउट्स एवंगाइड्स
राष्टोय मुख्यालय
लक्ष्मीमजमदारभवन, 16 महात्मागॉधीमार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

दिशानिर्देश

गोल्डन ऐरो बैज पुरस्कार वर्ष–2021 हेतु पंजीकरण के लिए आवेदन भेजते समय निम्नलिखित निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए:–

1– गोल्डन ऐरो बैज पुरस्कार के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र निधारिंत फार्म (दो प्रतियों में) अर्थात पंजीकरण/आवेदन पत्र प्रत्येक दो सैट में स्वीकार किए जाएंगे।

2– पंजीकरण/आवेदन फार्म भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की वेबसाइट www.bsgindia.org पर उपलब्ध है। इसे वहा से डाउनलोड किया जा सकता है।

3– बेसिक प्रशिक्षित वैध वारंट धारक कब मास्टर/फ्लॉक लीडर" गोल्डन ऐरो" कब्स/बुलबुल्स प्रस्तुत करने हेतु सक्षम है। इकाई से योग्य कब्स/बुलबुल्स की अनुशंषा करने की कोई सीमा नहीं है।

4– सभी चरणों को ए.पी.आर.ओ. भाग–2/भाग–3 में वर्णित प्रोग्रेसिव एडवॉसमेंट के अनुसार पूर्ण किया जाना चाहिए।

5– राज्य द्वारा आयोजित जॉंच शिविर की अन्तिम तिथि चतुर्थ चरण/हीरकपंख पूर्ण करने की तिथि होगी। उदाहरणार्थ यदि शिविर 01.01.2021 से 03.01.2021 की अवधि में था तो चतुर्थ चरण/हीरक पंख पूर्ण करने की तिथि 03.01.2021 होगी।

6– द्वितीय चरण/रजत पंख के सभी टैस्ट/दक्षता पदकों को; (जिला/स्थानीय संघ) की बैज समिति द्वारा नियुक्त स्वतंत्र परीक्षक द्वारा ही टैस्ट किया जाना चाहिए। इकाई नेता अपनी इकाई के लिए स्वतंत्र परीक्षक के रुप में कार्य करने हेतु योग्य नहीं है)

7– कब्स/बुलबुल्स को चतुर्थ चरण/हीरक पंख पास होना चाहिए एवं उन्होंने ए.पी.आर.ओ. भाग–2/भाग–3 के अनुसार कुल 06 (छह) दक्षता पदक अर्जित किए हों जिन्हें आवेदन पत्र के कम संख्या–14 में भरा जाना चाहिए।

8– राज्य संघ को ए.पी.आर.ओ. भाग–2/भाग–3 के अनुसार चतुर्थ चरण/हीरक पंख के कौशल एवं ज्ञान की जॉंच करने के लिए राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट्स/गाइड्स) की देखरेख में राज्य स्तरीय जॉंच शिविर आयोजित करना चाहिए।

9– सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्यालय को अपना पंजीकरण फार्म जमा करने के समय एक कब/बुलबुल ने 10 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कर ली हो।

10–पंजीकरण फार्म की एक मूल प्रति तथा एक छायाप्रति वास्तविक मुहर एवं हस्ताक्षर के साथ 30.09.2021 या उससे पूर्व क्षेत्रीय मुख्यालय पहुच जानी चाहिए।

11– आवेदन पत्र पूरी तरह से सही प्रकार से बिना किसी ओवर राइटिंग के भरा होना चाहिए। फोटो ए.पी.आर.ओ. भाग–2/भाग–3 के अनुसार पूर्ण एवं सही वर्दी में होना चाहिए।

12– जहॉं आवेदक अध्ययन कर रहा हो उस संस्थान के प्रमुख द्वारा जारी जन्म तिथि प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए।

****

DDBP/YP